दैनिक जागरण 07-03-2024

शिविर में किया मतदान के प्रति जागरूक

- गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में एनएसएस यूनिट ने कालेज परिसर में किया शिविर का आयोजन
- मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार इसे करके हमें कर्तव्य का करना चाहिए अनुपालन : डा. रोहित दत्त

एनएसएस शिविर में शामिल जीएमएन कालेज के विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में एनएसएस यूनिट द्वारा कालेज परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। इसका विषय मतदान जागरूकता रहा। इसके तहत व्याख्यान, नारा लेखन, विशेष सेल्फी भी आयोजित किए गए।

मुख्य वक्ता लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पूनिया ने बताया कि सरकारों का सत्ता में रहना एवं सत्ताच्युत होना मतदान पर निर्भर करता है। हमें जाति विशेष, संप्रदाय विशेष, धर्म विशेष से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए। जागरूक नागरिक ही जागरूक सरकार का चयन करता है और इस प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। हम सभी को निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए।

कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है तथा मतदान करके हमें अपने कर्तव्य का अनुपालन करना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि मतदान जागरूकता के बहुत से माध्यम है लेकिन एनएसएस इकाई अपनी महत्वपूर्ण एवं सक्रिय भूमिका निभा रही है।

कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीश ने बताया कि युवाओं को चाहिए कि वह अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें कि मतदान के समय किसी भी प्रलोभन में नहीं आना चाहिए और अपने विवेक के साथ मतदान करना चाहिए। डा. सरोज ने बताया महिलाओं को भी अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकाल कर पोलिंग बूथ में जाकर मतदान करना चाहिए।